# 2100 कलशों की विशाल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ

**दौसा ।** शहर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुरुवार को श्रीमद् देवीभागवत कथा ज्ञानयज्ञ का अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ शुभारंभ हुआ। कथा के पहले दिन आयोजित भव्य 21 सौ कलश सहित कलशयात्रा ने पूरे शहर को भक्ति के रंग में ओतप्रोत कर दिया।

कलश यात्रा का शुभारंभ सुबह सहजनाथ महादेव मंदिर से गाजे-बाजे और मंगल गीतों के साथ हुआ। सिर पर कलश धारण किए 21 सौ महिलाओं और सनातनी ध्वज लेकर श्रद्धालुओं की मंगलयात्रा गुप्तेश्वर सर्किल, लालसोट रोड, नया कटला, मानगंज और नई मंडी रोड जैसे मुख्य मार्गों से होता हुआ कथा स्थल श्याम मंदिर पहुँची। मार्ग में अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्थानीय निवासियों और व्यापारियों ने कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया।



सहजनाथ महादेव मंदिर से गाजे-बाजे और मंगल गीतों के साथ कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ।

■ सिर पर कलश धारण किए 21 सौ महिलाओं व ध्वज लेकर श्रद्धालुओं की मंगलयात्रा कथा स्थल श्याम मंदिर पहुँची

कथा के प्रथम दिन प्रवचन देते हुए पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरुशंकराचार्य के कृपापात्र शिष्य धर्माचार्य डॉ.परमेश्वर गंगावत ने देवीभागवत की महिमा पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा, देवीभागवत का श्रवण करने से व्यक्ति को समस्त तीर्थों के दर्शन के समान फल प्राप्त होता है। आज कथा में मधुकैटभ प्रसंग, शुकदेव जनक प्रसंग व देवीमहिमा के बारे में बताया गया। विशेषकर कलयुग में, इस पावन कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य के संचित पापों का नाश हो जाता है और उसे आत्मिक शांति मिलती है। भक्ति और ज्ञान का यह समागम आगामी 28 मार्च तक जारी रहेगा जिसका समापन विधिवत पूर्णाहुति और महाप्रसाद के साथ किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर धर्म लाभ उठाने की प्रार्थना की है। इस अवसर पर डॉ सूरज शर्मा विनय जैन, नरेंद्र शर्मा, डॉ शिव शर्मा, राहुल सोनी, शंभू सोनी, कमलेश बाली, सुरेश सोनी, नवीन शर्मा, प्रवीन शर्मा, विष्णु शर्मा, उमेश सिंघा, मनोज मलिक, लक्ष्मीकांत शर्मा, आकाश शर्मा, महेश साकूनिया, लोकेंद्र शर्मा एवं मुख्य यजमान राजेश सोनी परिवार सहित उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त

### हिंदू नववर्ष के स्वागत में सजा श्याम मंदिर

**निवाई।** इन्दिरा कॉलोनी में स्थित प्रसिद्ध श्याम मंदिर में हिंदू नववर्ष के स्वागत में बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार कर भव्य दरबार सजाया गया। नववर्ष के स्वागत व बाबा के दर्शनों के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पुजारी पंडित सांवरमल शर्मा, सहदेव शर्मा व विष्णु शर्मा के सानिध्य में बाबा श्याम का देशी व विदेशी रंग बिरंगे फूलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया। मंदिर के प्रवेश द्वार पर आकर्षक रंगोली से सजाकर भक्तों का स्वागत किया गया। हिंदू नववर्ष के अवसर पर टोंक, झिलाय, बौंली, वनस्थली व चाकसू सहित आसपास के क्षेत्रों से सैंकडों श्याम भक्त मंदिर पहुंचे और बाबा के दर्शन करके सुख-समृद्धि की कामना की। संध्या आरती के समय मंदिर परिसर हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयकारों से गूंज उठा। महाआरती के पश्चात मंदिर समिति द्वारा प्रसादी का वितरण किया गया।

### महर्षि गौतम का जन्मोत्सव मनाया

**निवाई।** महर्षि गौतम आश्रम में गुरुवार को भगवान महर्षि गौतम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव के शुभारंभ पर गुरुवार की सुबह ध्वज पूजन के बाद महर्षि गौतम का विधिवत पूजन कर किया गया। जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर संगीतमय सुंदर कांड पठन का भव्य आयोजन हुआ। सुंदरकांड भक्त मंडली में शामिल रामप्रसाद शर्मा, सत्यनारायण व जयसिंह सहित समाज के लोगों ने सुंदरकांड के पाठ किए। अध्यक्ष जगमोहन गौतम ने बताया कि ध्वज पूजन के बाद दोपहर में विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन हुआ जिसमें समाज के महिला पुरुषों ने मंत्रोचार के साथ आहुतियां दी। गौतम नवयुवक मंडल के अध्यक्ष विकास गौतम रजवास ने बताया कि शाम 5 बजे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें सर्वाधिक अंक प्राप्त प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान सामूहिक आरती करके सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

### नववर्ष पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

**बौंली -बामनवास।** क्षेत्र में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 हिंदू नव वर्ष पर सभी मंदिरों में विशेष श्रृंगार आरती के बाद विशेषधर्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बौंली नगर के खेड़ापति बड़े बालाजी से सामूहिक रूप से संकीर्तन करते हुए प्रभात फेरी निकाली गई, प्रभात फेरी मुख्य बसस्टैंड से सदर बाजार, जगत शिरोमणि जी मंदिर मार्ग से नगर पालिका चौराहे होते हुएवापस खेड़ापति बड़े बालाजी पहुंची एवं हनुमान चालीसा का पठन किया। प्रभात फेरी के दौरान नगरपलिका चौराहे पर राष्ट्रीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष पुष्पेंद्र वैष्णव, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के आशीष राजोरा,भारत विकास परिषद के दिनेश सिंघल आदि लोगों ने आगंतूको के रंगोली सजाकर, तिलक लगाकर, मुंह मीठा करा कर हिंदू नव वर्ष की शुभकामनाएं दी, नव संवत्सर आयोजन समिति के संयोजक हेमराज दीक्षित ने बताया खेड़ापति बड़े बालाजी के सुंदरकांड के पठन किए गए। इसी प्रकार नगर की शक्तिपीठ रामबाड़ी बालाजी पर श्रृंगार आरती के बाद अखंड रामायण का पठन शुरू किया गया।

### छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में दिखाया उत्साह

**फुलेरा।** स्थानीय राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, इन्द्रा मार्केट फुलेरा में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन गुरुवार को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन प्रधानाचार्य नविता कुमारी वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम अधिकारी मिनाक्षी मीणा के मार्गदर्शन में स्वयंसेविकाओं के बीच पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। इसके बाद बौद्धिक सत्र में नरबहादुर सिंह एवं बाबूलाल गढ़वाल ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


### राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ के चुनाव सम्पन्न

**फुलेरा।** राजस्थान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, उपखण्ड सांभरलेक में राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ, मुख्यालय सांभरलेक के चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुए। इस अवसर पर सर्वसम्मति से निर्वाचित हुए सभी पदाधिकारी संगठन की एकता, शक्ति एवं विश्वास के प्रतीक बने। चुनाव परिणाम के अनुसार उपखण्ड सांभर लेक में अध्यक्ष पद पर भंवरलाल मंडावरिया तथा सचिव पद पर विक्रमदत्त सैन को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं उपखण्ड किशनगढ़ रेनवाल में अध्यक्ष पद पर किशोरीलाल यादव एवं सचिव पद पर श्यामलाल कुमावत निर्वाचित हुए। विश्वास जताया गया कि सभी पदाधिकारी अपने कर्मठ नेतृत्व, निष्ठा एवं समर्पण के साथ कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। सभी कर्मचारियों से आव्हान किया गया।

# 'विकास कार्यों एवं विभागीय योजनाओं का समय पर मिले लाभ'

**भरतपुर ।** जल संसाधन एवं जिला प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए आमजन को पेयजल, विद्युत एवं चिकित्सा संबंधी मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान नहीं होना पडे इसके लिए अभी से प्लानिंग कर सभी अधिकारी टीम भावना से कार्य करें। उन्होंने विकास कार्यों को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये।

जल संसाधन मंत्री गुरूवार को कलैक्ट्रेट सभागार में मूलभूत सुविधाओं की आपूर्ति, बजट घोषणाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आमजन को गर्मी के मौसम में पेयजल समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े जहां विभाग के सिस्टम हैं नियमित रूप से पेयजल



जिला प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत ने निर्माण कार्यों व मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा बैठक ली।

सप्लाई हो, आवश्यक स्थानों पर टैंकरों के माध्यम से या स्थानीय स्त्रोतों से पेयजल आपूर्ति की जाये। उन्होंने जलदाय विभाग के कंट्रोल रूम नम्बर 05644-222731 का प्रचार-प्रसार कर जनप्रतिनिधियों तक सूचना भिजवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जलस्त्रोतों के कार्य पूर्ण होने पर विद्युत निगम शीघ्र कनेक्शन उपलब्ध कराये जिससे जनता को लाभ मिल सके। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों को भी गति देकर आवश्यक मरम्मत कार्यों को पूरा कराने के निर्देश दिये। जिला प्रभारी मंत्री ने विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा संस्थानों में मौसमी बीमारियों के रोकथाम के उपाय करने, ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं संबंधी जनहित के समस्याओं का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पंच गौरव योजना में सभी कार्यों को प्रचार-प्रसार कर जिले की पहचान को राष्ट्रीय स्तर तक ले जाने के लिए प्रमोशन को बढावा दें। उन्होंने एक जिला - एक उत्पाद में एग्रो इंडस्ट्रीज को बढावा देने के लिए उद्यिमयों को सरकार की योजनाओं को समय पर लाभ प्रदान करें।

उन्होंने राईजिंग राजस्थान के तहत हुए एमओयू को पूर्ण कर स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। स्कूल भवनों के मरम्मत कार्यों को गुणवत्ता से कराने, 414 कक्षा-कक्षों के मरम्मत कार्य के वर्क ऑर्डर के साथ ही नियमित निगरानी रखने के निर्देश दिये।

## सार-समाचार

### टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित



**चौमूं/ कालाडेरा।** चौमूं उपखंड के ग्राम पंचायत गोविन्दगढ में प्रभावशाली व्यक्तियों का आमुखीकरण कार्यक्रम संपन्न हुआ ग्राम पंचायत गोविन्दगढ के सभागार में मंजरी संस्थान एवं यूनिसेफ के सहयोग द्वारा गावी जीरो डोज टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभावशाली व्यक्तियों एवं धर्म गुरुओं का आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य नियमित टीकाकरण को सुदृढ़ करना तथा जीरो डोज बच्चों की पहचान कर सत प्रतिशत का टीकाकरण सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकेश कुमार बैरवा ने कहा कि टीकाकरण प्रत्येक बच्चे का अधिकार है यह उसे मिलना चाहिए जो परिवार टीकाकरण से वंचित हो जाते हैं उन परिवारों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें सरपंच व प्रशासक महेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि ग्राम गोविन्दगढ में टीकाकरण शत प्रतिशत होना चाहिए इसके लिए जो भी योगदान की जरूरत है वह हमें बताएं मंजरी संस्थान से मयूर जैन जिला समन्वयक अंकित कुमावत सीमा शर्मा खुशबू कुमावत धार्मिक गुरु दिनेश जी दीक्षित विनय कुमार शर्मा वार्ड पंच सद्दाम हुसैन सुनील कुमावत ओम प्रकाश कुमावत रेखा कुमावत राम प्रकाश कुमावत आदि लोग मौजूद रहे।

### अभियोजन कार्यालय का शुभारंभ

**कोटपूतली।** जिले में न्यायिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत गुरुवार को कस्बे के डाबला रोड़ स्थित एक निजी भवन में उपनिदेशक अभियोजन कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया गया। अतिरिक्त निदेशक अभियोजन कमल कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवसृजित इस कार्यालय का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे जिले में अभियोजन कार्यों को गति मिलेगी। इस अवसर पर उपनिदेशक अभियोजन जयपुर ग्रामीण डायमण्ड सिंह, अभियोजन अधिकारी डॉ. पंकज यादव, मुकेश चौधरी, विजय जांगिड़, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी महेश सैनी, अनिता मेहता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अभियोजन अधिकारी डॉ. पंकज यादव ने बताया कि कार्यालय शुरू होने से न्यायिक प्रक्रियायें अधिक प्रभावी और सुव्यवस्थित तरीके से संचालित होंगी। इससे लंबित प्रकरणों के निस्तारण में तेजी आयेगी और आमजन को समयबद्ध न्यायिक सहायता मिल सकेगी। अधिकारियों ने बताया कि नये कार्यालय की स्थापना से अभियोजन कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बढ़ेगी, साथ ही विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। इस पहल का क्षेत्र के अधिवक्ताओं एवं नागरिकों ने स्वागत करते हुये इसे न्यायिक प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक कदम बताया।

### हिन्दू नववर्ष का स्वागत किया

**निवाई।** हिन्दू नूतन वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी संवत् 2083 का बुधवार की रात 12 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दु परिषद, विद्या भारती व बजरंग दल सहित कई सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में हर्षोल्लास के साथ भव्य स्वागत किया गया। नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी संवत् 2083 पर बुधवार रात 12 बजे शहर के अंहिसा सर्किल, बडा बाजार, चिंताहरण गणेश मंदिर व माध्यमिक सरस्वती विद्यालय प्रांगण सहित कई स्थानों पर रंगोलिया सजाई गई। इस दौरान स्वयंसेवकों ने नूतनवर्ष की शुभकामनाओं के बैनर व भगवा पताकाएं लगाकर नववर्ष का आतिशबाजी के साथ अभिनन्दन किया तथा एक दूसरे के तिलक लगाकर बधाईयां दी। स्वयंसेवकों ने एक दूसरे को मोबाईल मैसेज, व्हाटसप व फेसबुक द्वारा नूतनवर्ष की बधाई दी। इस दौरान गुरूवार को दिनभर मोबाइलों पर नूतनवर्ष की बधाईयां एवं शुभकामनाएं देने का दौर जारी रहा। रंगोली सजाकर हिन्दू नववर्ष का स्वागत करते हुए महिलाएं। विद्या भारती के आचार्य व आचार्याओं ने अलग-अलग समूह में श्री श्याम मंदिर, श्री चिंताहरण गणेश मंदिर, श्री चारभुजानाथ मंदिर श्री कंकाली माताजी मंदिर व सरस्वती विद्या मंदिर के प्रवेश द्वारों पर गुलाल से रंगोलिया सजाकर हिन्दू नव वर्ष का स्वागत किया।

### हत्या संबंधी कानून हटाने की मांग

**अलवर।** वन्यप्राणी नीलगायों की प्राण रक्षा के लिए जैन समाज ने बड़ा आंदोलन करने का निर्णय लिया है। नीलगायों की हत्या से जुड़े कानूनों को समाप्त करने की मांग को लेकर 26 मार्च (गुरुवार) को विशाल सामूहिक धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।यह निर्णय मंगलवार रात दिगंबर जैन महासमिति, अलवर संभाग की बैठक में लिया गया। बैठक का आयोजन श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में संभाग अध्यक्ष कुलदीप बडजात्या की अध्यक्षता में हुआ। महासमिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एन.के. जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि धरना प्रदर्शन पूर्णतः शांतिपूर्ण होगा।उन्होंने बताया कि यह धरना अहिंसा सर्किल (मन्नी का बड़) पर सुबह 9 बजे से 10:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा भी भाग लेंगे।बैठक में वक्ताओं ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि देशभर के संत-महात्माओं, साधु-संतों, मुनियों, साध्वियों, सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा लगातार आवाज उठाने, ज्ञापन देने और आंदोलन करने के बावजूद सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इसके चलते नीलगायों की निर्मम हत्याएं जारी हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है।धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियों पर भी चर्चा की गई। बैठक में सुरेश चंद जैन बडतलिया, राकेश भौच, मनोज भौच, प्रदीप जैन (धामपुर), पारस जैन सहित करीब 30 लोग उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने छात्रों की कम उपस्थिति व स्कूल निरीक्षण पर व्यक्त की नाराजगी

**खैरथल।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला सचिवालय खैरथल पर समर कंटीन्जेंसी, बजट घोषणाओं तथा विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने ने अधिकारियों को समर कंटीन्जेंसी से संबंधित सभी कार्यों को 15 अप्रैल से पूर्व पूर्ण करने तथा पंच गौरव कार्यक्रम के तहत रह गए कार्यों को 31 मार्च से पहले पूरा करने के लिए निर्देश दिए हैं।

■ खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समीक्षा बैठक



खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर समीक्षा बैठक लेते जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला, उपस्थित अधिकारी।

समीक्षा बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग धर्मवीर यादव, जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी रमेश दहमीवाल, उपनिदेशक सहकारिता विभाग वेद प्रकाश सैनी, नगर परिषद कमिश्नर मुकेश शर्मा, नगर परिषद आयुक्त भिवाड़ी मुकेश, संयुक्त निदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, उपनिदेशक उद्यानिकी, गोपाल, उप जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पूरणमल मीणा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान जिला कलेक्टर ने समर कंटीन्जेंसी से संबंधित सभी कार्यों को 15 अप्रैल से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट को समर कंटीन्जेंसी के तहत स्वीकृत कार्यों, विशेषकर बोरवेल खुदाई सहित एसडीएम की अध्यक्षता में गठित ब्लॉक स्तरीय समितियों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए कहा।

जिला कलेक्टर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों से अमृत 2.0 योजना की प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा पंच गौरव कार्यक्रम के तहत सभी कार्यों को 31 मार्च से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। इसी के साथ उन्होंने ने सहकारी समितियों से संबंधित भूमि आवंटन प्रकरणों पर चर्चा की और भूमि चिन्हिकरण से लेकर आवंटन तक की पूरी प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही राज्य बजट घोषणाओं के तहत जिला स्तर पर होने वाले कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए।

# सिलेंडरों की कालाबाजारी की रोकथाम को लेकर विशेष जांच दल गठित

**खैरथल।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, जयपुर के निर्देशानुसार जिले में घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेण्डरों की मांग एवं आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी ने जिला स्तर पर विशेष प्रवर्तन जांच दल का गठन किया है।

इस जांच दल टीम में जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी, उप अधीक्षक पुलिस (किशनगढ़-बास/तिजारा/भिवाड़ी), प्रवर्तन निरीक्षक पूनम चौधरी तथा ऑयल कंपनियों के सेल्स ऑफिसर शामिल हैं। इसी क्रम में जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी ने भिवाड़ी क्षेत्र में अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 46 अवैध सिलेण्डर जब्त कर संबंधित आरोपी के विरुद्ध पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई है। इस कारवाई में 21 भरे व 25 खाली सिलेण्डर है जिसमें 45 सिलेंडर एचपी व 1 भारत कम्पनी का है। सिलेण्डर उन्होंने ने बताया घरेलू सिलेण्डरों के व्यावसायिक उपयोग, कालाबाजारी, अवैध भंडारण एवं अवैध रिफिलिंग जैसी गतिविधियों की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ गठित टीम दल द्वारा गैस एजेंसियों का सघन भौतिक

■ जिला रसद अधिकारी ने भिवाड़ी में अवैध रिफिलिंग पर कार्रवाई कर जप्त किए 46 घरेलू गैस सिलेंडर, संबंधित आरोपी के विरुद्ध कराया मामला दर्ज मचा हड़कंप

निरीक्षण करते हुए स्टॉक रजिस्टर का वास्तविक स्टॉक से मिलान किया जाएगा। साथ ही पेट्रोल पम्पों का भी नियमित निरीक्षण कर उनके स्टॉक की रिपोर्ट ली जाएगी।

यदि किसी गैस एजेंसी, विक्रेता अथवा अन्य व्यक्ति द्वारा सिलेण्डरों की जमाखोरी, कृत्रिम अभाव उत्पन्न करना या निर्धारित मूल्य से अधिक पर विक्रय करना पाया जाता है, तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला रसद अधिकारी सोनी ने बताया जिले में एलपीजी की उपलब्धता वर्तमान में पूर्णतः सुचारू है एवं सप्लाई में किसी प्रकार की बाधा नहीं है।

# 'सहकार से समृद्धि के तहत सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए'

**पावटा।** सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग, राजस्थान सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने गुरुवार को उपखण्ड पावटा में ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड प्रागपुरा द्वारा आयोजित किसान सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर सहकार सुपर बाजार (मार्ट) का उद्घाटन किया। इस दौरान कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

अध्यक्ष के रूप में विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ व स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में आमजन मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गौतम दक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के निर्देशन व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने "सहकार से समृद्धि" के तहत सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने, सहकारी आंदोलन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कई अहम कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र



राज्यमंत्री गौतम कुमार दक ने पावटा में सहकार सुपर बाजार ( मार्ट ) का उद्घाटन किया।

द्वारा 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के साथ हर पंचायत में सहकारी समिति स्थापित करने और गांव-गांव को सहकारी आंदोलन का केंद्र बनाने के लिए नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि इस नई नीति का मकसद है, सहकारी संस्थाओं को मजबूत करना, गांवों को आत्मनिर्भर बनाना और लोगों को नए रोजगार देना। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के पास पूंजी नहीं है लेकिन मेहनत करना चाहते हैं, उनके लिए सहकारिता ही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा की सहकारिता के क्षेत्र में पारदर्शिता हेतु डिजिटलाइजेशन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है, प्रत्येक किसान साथी को इससे जुड़कर इसका लाभ लेना चाहिए।इस दौरान मंगलदास महाराज, एसडीएम पावटा साधना शर्मा, सहकारिता अधिकारी अशोक दीप

■ सहकार समिति के लिए 500 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम एवं जल्द ही हार्वेस्ट उपलब्ध करवाने की घोषणा

पिंगोलिया, जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल, उपाध्यक्ष सुरेश गिठाला, पावटा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, शाहपुरा से उपेन यादव, भाजपा वरिष्ठ नेता मुकेश गोयल, जगदीश यादव, पूर्व उप प्रधान राजेंद्र उर्फ टीटू सिंह, प्रागपुरा पूर्व सरपंच एलन स्वामी, पालिका पूर्व चेयरमैन निर्मल पंसारी, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री आरती सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सरदार मल यादव, सीमा सैनी, बद्री प्रसाद चौहान सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में किसान व आमजन मौजूद रहे।

### नव संवत पर्व मनाया

**राजगढ़।** कस्बे मे हिंदू महापर्व नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्र पर्व श्रद्धा एवं भक्ति के साथ उल्लास से मनाया गया। नव संवत्सर एवं चैत्र नवरात्रि पर देवी मंदिर में 5:30 बजे घट स्थापना के साथ नवरात्र पर्व का शुभारंभ हुआ। घर-घर में इस दौरान घट स्थापना की गई। धार्मिक आस्था के नव संवत्सर पर्व पर स्टेशन मार्ग स्थित अवधूत दत्ता आश्रम में सिसो ने गुरु के चरणों में शीश झुका कर मनौती मांगी।

धार्मिक स्थल पर टाट बाबा महाराज, गंगा भारती जी, श्याम भारती महाराज एवं अन्य गुरुओं की समाधि पर लोगों ने फूल माला एवं दीप जलाकर प्रार्थना कर कल्याण की कामना की।

आश्रम के महंत स्वामी अमन भारती महाराज मैं विधिवत रूप से पूजा अर्चना एवं महा आरती कर आयोजन पर विश्व कल्याण की प्रार्थना की। इस दौरान आश्रम में श्रद्धालु महिला पुरुषों मैं गुरु के चरणों में पूजा अर्चना कर मनौती मांगी।

दोपहर बाद तक श्रद्धालु महिला पुरुषों का आश्रम में ताता लगा रहा। अवधूत दात्त आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुषों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया।

### गैस की किल्लत से बढ़ी परेशानी

**पावटा।** उपखंड पावटा क्षेत्र में रसोई गैस सिलिंडर की बढ़ती कीमत और आपूर्ति की कमी के कारण उपभोक्ताओं की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। गैस सिलिंडर लेने के लिए लोगों को सुबह तड़के ही गैस एजेंसियों पर पहुंचकर लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। इसके बावजूद कई उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार के बाद भी सिलिंडर नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी भी देखी जा रही है। लोग घंटों तक अपनी बारी का इंतजार करते नजर आ रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कई उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। गैस की अनियमित सप्लाई के चलते लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।


प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर: DEV/JAIPUR-1/TRUST/2026/1691
चूंकि प्रार्थी श्री Gordhan Das Agarwal, 1489, Shiv Singh Kaptan Ki Gali, Barah Gangor Ka rasta, Johari bazar, Jaipur City, Rajasthan - 302003 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास श्री वल्लभ पुष्टिमार्गीय मंदिर प्रबंध समिति, श्री पुष्टि मार्गीय वैष्णव मण्डल भवन, पैतलों का चौक, जोहरी बाजार, जयपुर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 04.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आईदा तारीख पेशी 08.05.2026
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम



कार्यालय नगर निगम जयपुर
(चौगान स्टेडियम, गणगौरी बाजार, जयपुर)
क्रमांक :- जसअ/2025/541 दिनांक: 16.03.2026
ई-निविदा सूचना संख्या 181 से 184/2025-26
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA",A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम, जयपुर के पंजीकृत निविदाताओं से अधिशाषी अभियन्ता हवामहल-आमेर जोन से संबंधित विकास कार्यो हेतु निविदाए आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम, जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org एवं व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in तथा eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व ड़ाउनलोड़ की जा सकती है। उक्त निविदाओं को (sppp.rajasthan.gov.in) पोर्टल पर अपलोड करवा दिया गया है।
JMC2526WSOB02928 to JMC2526WSOB02931
अधिशाषी अभियन्ता
हवामहल-आमेर जोन
नगर निगम, जयपुर
राज.संवाद/सी/25/22929